प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी,
शाहजहाँपुर।

पत्रांक : 5745 / डब्ल्यू0एस0–17 /4828 दिनांक : 07.09.2026

विषय : दैनिक भास्कर पेपर में प्रकाशिक खबर ''जल जीवन मिशन : सड़क मरम्मत में घटिया सामग्री का आरोप : मिर्जापुर के पृथ्वीपुर में ग्रामीणों ने जताया विरोध, जांच की मांग'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर पेपर में दिनांक 31.08.2026 को प्रकाशित खबर जिसमें ग्राम पृथ्वीपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत बिछायी गयी पाइप लाइन के बाद सड़क पुर्नस्थापना का कार्य न होना, घटिया सामग्री का प्रयोग किया जाना एवं अभी तक टंकी से पानी की आपूर्ति न होने के समस्या के सम्बन्ध में उल्लिखित किया गया है।

प्रश्नगत पेपर कटिंग पर विभागीय जांच करायी गयी। प्रस्तुत की गयी जांच आख्या के अनुसार ग्राम में प्रश्नगत बिछायी गयी पाइप लाइन के उपरान्त सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। योजनान्तर्गत लगभग 7.00 किमी0 मेनलाइन डी0आई0 पाइप का कार्य शेष है।

योजनाओं के अवशेष कार्य धनावंटन न होने के कारण तत्समय पूर्ण नहीं हो सके। धनावंटन की कमी के कारण ही योजनाओं के समस्त कार्यों को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य शासन द्वारा 31.12.2027 निर्धारित कर दिया गया है। उक्त समय से पूर्व ही योजनाओं के लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

संलग्नक : फोटोग्राफ।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।

अधिशासी अभियन्ता

# जल जीवन मिशन: सड़क मरम्मत में घटिया सामग्री का आरोप: मिर्जापुर के पृथ्वीपुर में ग्रामीणों ने जताया विरोध, जांच की मांग

सोनू | मिर्जापुर(मिर्ज़ापुर), शाहजहांपुर | 31/08/26




शेयर

सड़क मरम्मत में घटिया सामग्री का आरोप।

मिर्जापुर के पृथ्वीपुर गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन के बाद सड़क मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जल निगम और एनसीसी कंपनी द्वारा पाइपलाइन डालने के लिए तोड़ी गई सीसी रोड की मरम्मत में मानकों की अनदेखी की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, सरकार की जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर तक पानी पहुंचाना है, लेकिन पृथ्वीपुर गांव में अभी तक टंकी से पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से शुरू नहीं हो पाई है। इसी बीच, पाइपलाइन बिछाने के लिए तोड़ी गई सीसी रोड की मरम्मत का काम ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।


ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मत में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के बजाय पीली ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। इन ईंटों को तोड़कर उसके ऊपर सीसी रोड डालने की तैयारी है, जिस पर ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यदि सड़क का पुनर्निर्माण हो रहा है, तो उसे निर्धारित मानकों और गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ बनाया जाना चाहिए ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रह सके।

दीपू सिंह, नागेंद्र सिंह, उदयराज सिंह, शरदवीर यादव, पिन्टू शर्मा, शिवकुमार सिंह और नन्हे यादव सहित कई अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि सड़क निर्माण में सभी मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि वे घटिया सामग्री का उपयोग करके सड़क का निर्माण नहीं होने देंगे।

ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इस पूरे मामले की जांच कराने और गुणवत्तापूर्ण तरीके से सड़क का निर्माण सुनिश्चित करने की अपील की है। उनका कहना है कि इससे सरकारी धन का सदुपयोग होगा और गांव को एक मजबूत व टिकाऊ सड़क मिल सकेगी।

# पहले


दैनिक भास्कर
न्यूज़ पढ़ें
डाउनलोड
शेयर
मिर्जापुर(मिर्ज़ापुर) >
00:09
00:39
1x


दैनिक भास्कर
न्यूज़ पढ़ें
डाउनलोड
शेयर
मिर्जापुर(मिर्ज़ापुर) >
00:12
00:39
1x

# बाद में


Latitude: 27.641053
Longitude: 79.55589
Elevation: 136.49±14.8 m
Accuracy: 3.084 m
Time: 09-05-2026 15:00
Note: pithipur dhai mirzapur
Powered by NoteCam


Latitude: 27.640884
Longitude: 79.556945
Elevation: 148.79±9.7 m
Accuracy: 3.0 m
Time: 09-03-2026 12:45
Note: pithipur dhai mirzapur
Powered by NoteCam


Latitude: 27.640745
Longitude: 79.55705
Elevation: 148.79±9.5 m
Accuracy: 3.0 m
Time: 09-03-2026 12:45
Note: pithipur dhai mirzapur
Powered by NoteCam